# संस्थान में हिंदी पखवाड़ा का आयोजन संपन्न हुआ

भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ में हिंदी पखवाड़ा (14-29 सितंबर, 2023) का आयोजन किया गया। दिनाँक 04 अक्टूबर, 2023 को हिंदी पखवाड़ा में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को संस्थान के प्रेक्षागृह में आयोजित समारोह में पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में संस्थान के डॉ. आर. विश्वनाथन निदेशक, डॉ. मनोज कुमार त्रिपाठी राजभाषा प्रभारी एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी मंच पर उपस्थित थे। पुरस्कार वितरण समारोह में संस्थान के 67 कार्मिकों को विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार के लिए प्रमाण पत्र एवं परितोषिक राशि संस्थान के निदेशक महोदय ने प्रदान किया। इस अवसर पर राजभाषा प्रभारी एवं प्रधान वैज्ञानिक डॉ. मनोज कुमार त्रिपाठी ने पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों तथा प्रतियोगिताओं एवं संस्थान द्वारा राजभाषा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। आयोजित प्रतियोगिताओं जैसे- यूनिकोड में हिंदी टंकण, टिप्पणी प्रपत्र लेखन, निबंध प्रतियोगिता, अंत्याक्षरी प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, हिंदी के सामान्य ज्ञान पर आधारित प्रश्नोत्तरी एवं गन्ना या राजभाषा हिंदी पर आधारित किसी विषय पर आशुभाषण एवं हिंदी कार्यशाला इत्यादि में संस्थान के लगभग 150-170 कर्मिकों ने भाग लिया। पखवाड़ा के दौरान दिनांक 25.09.2023 को **वैश्विक भाषा के रूप में हिंदी का भविष्य** विषय पर प्रो. सर्वेश कुमार सिंह**,** विभागाध्यक्ष**,** हिंदी विभाग बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय**,** लखनऊ द्वारा एक व्याख्यान दिया गया। दिनांक **27 सितम्बर 2023** को कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, सम्मेलन में प्रदेश के प्रतिष्ठित कविगण श्री बलराम श्रीवास्तव, श्री लटूरी लट्ठ, श्री अमित शुक्ल**,** श्रीमती व्यंजना शुक्ला, श्री संतोष दीक्षित, श्री मान बहादुर सिंह, श्री लोकेश पति त्रिपाठी एवं श्री राम किशोर तिवारी ने अपनी रचनाओं को प्रस्तुत किया। कवि सम्मेलन में कवियों द्वारा ओज, शृंगार, हास्य, गीत एवं देश भक्ति पर प्रस्तुत रचनाओं का 250 श्रोताओं ने भरपूर आनंद लिया। समापन समारोह का संचालन हिंदी अधिकारी श्री अभिषेक कुमार सिंह ने किया।


हिंदी पखवाड़ा
29 सितम्बर, 2023


हिंदी पखवा


हिंदी पखवा
हिंदी


हिंदी पखवाड़ा




हिंदी पखवाड़ा


भाकृअनुप-भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ
ICAR- Indian Institute of Sugarcane Research, Lucknow




हिंदी
पखवाड़ा


HARMAN




हिंदी पखवाड़ा